बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

आदेश

आ0स0 :–2/अ0प्र0–1–90/2023 2651 /पटना, दिनांक :– 18-12-23

श्री कृष्णा प्रसाद, कार्यपालक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी, MMGSY, मुख्य अभियंता–4 का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिनांक 12.06.2023 को बिना किसी सूचना के एवं बिना अनुमति प्राप्त किये मुख्यालय से अनुपस्थित रहने के आलोक में विभागीय पत्रांक 1448 अनु0 दिनांक 13.06.2023 द्वारा श्री प्रसाद से स्पष्टीकरण की मांग की गयी तथा स्पष्टीकरण पर निर्णय होने तक दिनांक 12.06.2023 का वेतन स्थगित किया गया।

2. श्री प्रसाद के पत्रांक शून्य दिनांक 13.06.2023 द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा कहा गया कि विभागीय सचिव महोदय द्वारा निदेशित किया गया था कि दिनांक 12.06.2023 को आर्थिक कार्य मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के कार्यालय में उपस्थित रहना है। विभागीय सचिव महोदय के निदेश के अनुपालन में वे दिनांक 10.06.2023 को ही दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गये तथा दिल्ली प्रस्थान के पूर्व ही दिनांक 13.06.2023 के लिए वायुमार्ग से टिकट (वापसी) बुक करा लिये थे। दिल्ली पहुँचने के पश्चात् ज्ञात हुआ कि दिल्ली में प्रस्तावित बैठक अब नहीं होगी। इस कारण वे दिनांक 12.06.2023 को कार्यालय में उपस्थित नहीं हो सके। दिनांक 13.06.2023 को 11:03 बजे पूर्वाह्न कार्यालय में उपस्थित होकर वे अपने दायित्व का निर्वहन करने का उल्लेख श्री प्रसाद द्वारा किया गया।

3. श्री प्रसाद के स्पष्टीकरण में वर्णित तथ्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त यह स्पष्ट हुआ कि सचिव महोदय के निदेशानुसार श्री प्रसाद बैठक में भाग लेने हेतु दिल्ली गये थे एवं दिल्ली पहुँचने पर बैठक रद्द होने की सूचना प्राप्त हुई, जिस कारण वे दिनांक 12.06.2023 को अपने कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं हो सके। इस परिप्रेक्ष्य में श्री प्रसाद का स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य पाया गया।

4. अतः उक्त आलोक में श्री प्रसाद के स्पष्टीकरण को स्वीकृत करते हुए दिनांक 12.06.2023 का स्थगित वेतन विमुक्त किया जाता है।

Sd/- 11/12/2023
(संजय दूबे)
विशेष सचिव

ज्ञापांक :–2/अ0प्र0–1–90/2023 2651 /पटना, दिनांक :– 18-12-23

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, निर्माण भवन, बेली रोड, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–6, ग्रामीण कार्य विभाग/आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं श्री कृष्णा प्रसाद, कार्यपालक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी, MMGSY, मुख्य अभियंता–4 का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 11/12/2023
विशेष सचिव